# पिकअप और बाइक की टक्कर से युवक की मौके पर मौत, पत्नी और दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल







पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम एकोड़ी के पुस्सुटोला से उमरटोला मार्ग पर १६ जून की देर रात एक बेहद दर्दनाक और हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप और मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी और जबरदस्त भिड़ंत में बाइक चालक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां वे उपचार लाभ ले रहे हैं।**

## साड़ू भाई के घर जन्मदिन समारोह मनाकर रात में लौट रहा था सरवन पटले

### जन्मदिन मनाकर लौट रहा था सरवन पटले का परिवार

प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम वारा वार्ड नंबर १९ शिवधाम मोहल्ला का निवासी सरवन पटले ३५ वर्ष पेशे से प्लंबर का काम करथा था और मेहनत.मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। १६ जून को सरवन पटले अपने रिश्ते के साड़ू भाई के घर ग्राम उमरटोला में आयोजित एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इस पारिवारिक समारोह में उसकी पत्नी ललिता पटले, पुत्र मयूर और पुत्री आरजू भी साथ गए थे। खुशी के माहौल में शामिल होने के बाद रात करीब ११ बजे सरवन अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को मोटरसाइकिल पर बैठाकर वापस अपने घर वारा के शिवधाम लौट रहा था। पारिवारिक कार्यक्रम की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब पुस्सुटोला से उमरटोला मार्ग पर सामने से आ रही बोलेरो पिकअप क्रमांक एम पी ५० जी २२३९ ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। रफ्तार तेज होने के कारण दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल और पिकअप के परखच्चे उड़ गए। इस जबरदस्त टक्कर के कारण सरवन पटले को गंभीर चोटें आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसकी पत्नी ललिता, बेटा मयूर और बेटी आरजू तड़पते हुए सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना वारासिवनी पुलिस और संजीवनी १०८ एम्बुलेंस को दी। इसी बीच सड़क हादसे की खबर मिलते ही जनपद सदस्य जितेंद्र उर्फ जीतू राजपूत भी बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंच गए। घायलों की बेहद गंभीर हालत और अत्यधिक खून बहता देख जनपद सदस्य जीतू राजपूत ने तत्परता दिखाई और घायलों को तुरंत जिला चिकित्सालय बालाघाट पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों की टीम ने घायल महिला और दोनों बच्चों का प्राथमिक उपचार किया।

### पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम जांच शुरू

अस्पताल प्रशासन की तहरीर पर बालाघाट कोतवाली पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मृतक सरवन पटले के शव को कब्जे में लेकर सुरक्षित पोस्टमार्टम गृह के फ्रीजर में रखवाया। १७ जून को पुलिस के द्वारा आवश्यक पंचनामा की कार्यवाही पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। चूंकि मामला वारासिवनी थाना क्षेत्र का है इसलिए बालाघाट पुलिस ने मर्ग डायरी अग्रिम जांच और उचित वैधानिक कार्यवाही के लिए थाना वारासिवनी को प्रेषित कर दी है। इस भीषण हादसे ने हंसते खेलते परिवार को उजाड़ कर रख दिया है। वर्तमान में गंभीर रूप से घायल ललिता पटले और उनके दोनों मासूम बच्चों का इलाज बालाघाट के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार तीनों की स्थिति अब भी काफ ी नाजुक और चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नाले में गिरे बछड़े को वार्ड वासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के वार्ड नंबर एक स्थित अमृत नगर और मिश्रा नगर के बीच १७ जून की दोपहर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहाँ एक गहरे नाले में अचानक एक गाय का बछड़ा गिर गया जिसे स्थानीय नागरिकों की सूझबूझ और कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में आवारा मवेशियों की सुरक्षा और खुले परिसरों के कारण उत्पन्न हो रहे खतरों को उजागर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत नगर और मिश्रा नगर में काफी खुला हुआ है जिसके कारण यहाँ अक्सर आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। ये बेसहारा पशु भोजन और पानी की तलाश में यहाँ.वहाँ घूमते रहते हैं। बुधवार की दोपहर भी नाले के समीप से कुछ मवेशी गुजर रहे थे तभी अचानक सामने से एक वाहन आ गया। वाहन को देखकर गाय का बछड़ा अचानक चमक गया और असंतुलित होकर सीधे नाले में जा गिरा। शुरुआत में बछड़े के नाले में गिरने की जानकारी किसी को नहीं थी। लेकिन कुछ ही देर में नाले के पास बड़ी संख्या में अन्य मवेशी जमा हो गए और अजीब हरकतें करने लगे। मवेशियों के इस असामान्य व्यवहार को देखकर आसपास के वार्डवासी मौके पर पहुंचे और नाले के भीतर झांककर देखा तो वहाँ एक गाय का बछड़ा असहाय स्थिति में नीचे गिरा हुआ था। बछड़े को संकट में देख वार्ड वासियों ने तुरंत तत्परता दिखाई आसपास के अन्य लोगों को भी इसकी सूचना दी गई लोग मदद के लिए जुट गए। नाले के भीतर स्थिति काफी विकट थी नाले में अत्यधिक झाड़ियां जंगली पेड़ और बेलें उगी हुई थीं। यदि बछड़े को किसी दूसरे रास्ते या नाले के बहाव की दिशा से निकालने का प्रयास किया जाता तो वह उन घनी झाड़ियों और बेलों के जाल में बुरी तरह फंस सकता था। परिस्थिति की गंभीरता को समझते हुए वार्ड वासियों ने सूझबूझ से काम लिया। उन्होंने नाले के ऊपर बनी पुलिया को ही रेस्क्यू का केंद्र बनाया। स्थानीय युवाओं और नागरिकों ने कड़ी मशक्कत से बछड़े को बिना कोई नुकसान पहुंचा पुलिया के ऊपर से सुरक्षित बाहर खींच लिया।




# सिंचाई विभाग की उदासीनता-सरंडी में किसानों के लिए समस्या बनी कच्ची नहर

## सावंगी तक पक्की सरंडी तक कच्ची छोड़ी नहर ज़रूरत के समय बूंद बूंद पानी को तरसते है किसान




**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सरंडी के किसान इन दिनों सिंचाई विभाग की लापरवाही और लचर व्यवस्था के कारण भारी आक्रोश में हैं। विभाग के द्वारा क्षेत्र में बनाई गई कच्ची नहर किसानों के लिए लाभ का जरिया बनने के बजाय जी का जंजाल बन चुकी है। आक्रोशित किसानों ने अब सिंचाई विभाग से इस बदहाल व्यवस्था में तत्काल सुधार कर उन्हें राहत पहुंचाने की मांग की है।

### आधा अधूरा निर्माण बना परेशानी की जड़

प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगझरी तालाब से निकलने वाली एक मुख्य नहर सावंगी गांव होते हुए सीधे सरंडी तक पहुंचती है। सिंचाई विभाग ने सावंगी गांव तक तो पक्की नहर का निर्माण कर दिया है लेकिन उसके आगे सरंडी तक केवल एक कच्ची नहर खोदकर छोड़ दी गई है। इस आधे अधूरे और कच्चे निर्माण का खामियाजा सरंडी के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। कच्ची और बदहाल नाली होने के कारण जब किसानों को फसलों के लिए पानी की सख्त जरूरत होती है तब नहर का पानी खेतों तक पहुंच ही नहीं पाता। नहर विभाग की इस लगातार उपेक्षा और पानी नही मिलने की समस्या से तंग आकर सरंडी के किसानों ने कई वर्ष पूर्व ही विभाग के साथ किए गए अपने सभी सिंचाई अनुबंध खत्म कर दिए थे। तब से लेकर आज तक यहां के किसान पूरी तरह भगवान भरोसे बारिश के पानी और अपने निजी जल स्रोतों के दम पर जैसे तैसे खेती कर रहे हैं। जब फसल को पानी की आवश्यकता होती है तो उन्हें भारी खर्च और मशक्कत करके इधर उधर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है ,क्योंकि नहर में उस वक्त एक बूंद पानी नसीब नहीं होता। विडंबना देखिए कि जिस नहर में सिंचाई के समय सूखा पड़ा रहता है वही नहर बारिश के दिनों में किसानों के लिए मुसीबत खड़ी कर देती है। ग्रामीणों ने बताया कि जब अत्यधिक बारिश होती है और कटंगझरी तालाब का जलस्तर बढ़ता है तो तालाब का ओवरफ्लो पानी इस कच्ची नहर के जरिए सीधे किसानों के खेतों में या सड़कों पर लोगों के लिए आवागमन की बड़ी समस्या पैदा कर देता है। उन्होंने सावंगी से सरंडी तक की इस नहर को पक्का करने और सुचारू रूप से पानी की सप्लाई शुरू करने के लिए कई बार विभाग के चक्कर काटे और आवेदन दिए। लेकिन आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इस गंभीर समस्या पर ध्यान देना उचित नहीं समझा। अधिकारियों की इस अनदेखी के कारण ग्रामीणों में शासन प्रशासन के खिलाफगहरा असंतोष व्याप्त है।

### कच्ची नहर को देखते हुये किसानों ने अनुबंध खत्म कर दिए- जीतू पटले

ग्रामीण जीतू पटले ने बताया की इधर बहुत सारी खेती होती है जिसके मध्य से यह कच्ची नहर विभाग ने खोद कर रखी है। परंतु यह जगह.जगह से टूट गई है तो वही इसमें नहर का पानी होता है जलस्तर बढ़ने और सावंगी का पानी से सीधा आता है। परंतु वहां रास्ते में कीचड़ बना देता है कई लोगों को समस्या होती है व्यर्थ पानी बहता है। जरूरत के समय पूरी नहर सूखी पड़ी रहती है इसी को देखकर कई वर्ष पहले सभी किसानों ने अनुबंध खत्म कर दिए थे। तब से किसान बारिश या अपने साधन के भरोसे खेती लगा रहे ऐसे में पानी की समस्या तो हर किसी को बनी रहती है। सिंचाई विभाग में जब पक्की नहर बनाई तो सरंडी तक पूरी नहर बनाकर देना था।

### नहर को पक्का बना दिया जाता है तो किसानों को लाभ होगा अन्यथा नही- राजेश गौतम

सरपंच प्रतिनिधि राजेश गौतम ने बताया की नहर की स्थिति सावंगी तक ठीक है कटंगझरी के तालाब से पानी आता है इधर कच्ची खुदाई है। रेलवे क्रॉसिंग के पास एक गड्ढा है वहां से बारिश का पानी जाता है जो बच्चों के लिए स्कूल जाने में परेशानी पैदा करता है तो वही सिंचाई वाले पक्का कर तो वहां से सीधा पानी बाहर जाता है। किसानों को इस पानी का कोई फायदा नहीं मिलता है यदि यह नहर पक्का बना दिया जाता तो किसानों को लाभ होता परंतु अभी तो जरूरत पर पानी नहीं मिलता है। बारिश में यह भरकर आता है विभाग एक तो किसानों को लाभ पहुंचा कर अनुबंध करें या इस पानी को मोड दें ताकि किसान को तकलीफ ना हो क्योंकि इससे समस्या बहुत है।

# खेत में काम करने के दौरान किसान को सांप ने काटा सिविल अस्पताल में उपचार जारी

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही खेतों में हलचल बढ़ गई है लेकिन इसके साथ ही सर्पदंश के मामले भी सामने आने लगे हैं। जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सांवगी में बुधवार को एक ऐसी ही घटना सामने आई जहाँ खेत में काम कर रहे एक ५० वर्षीय किसान को जहरीले सांप ने डस लिया। पीड़ित को आनन.फ ानन में सिविल अस्पताल वारासिवनी में भर्ती कराया गया है जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सांवगी निवासी रमेश पिता पूरनलाल राणा उम्र ५० वर्ष बुधवार को अपने खेत में कृषि कार्य के लिए गए हुए थे। वर्तमान में मानसूनी सीजन और खरीफ फ सलों की बुआई का समय नजदीक होने के कारण किसान खेतों की साफ सफ ाई और मेड़ों को दुरुस्त करने के काम में जुटे हुए हैं। रमेश राणा भी अपने खेत में जमा झाड़ झंखाड़ और कांटे हटाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान सूखी झाड़ियों में छिपे एक अत्यधिक जहरीले सांप ने अचानक उन पर हमला कर दिया और पैर में काट लिया। सांप के काटने के बाद किसान रमेश राणा किसी तरह हिम्मत जुटाकर अपने घर पहुँचे और परिजनों को घटना की आप बीती सुनाई। सर्पदंश की बात सुनते ही परिवार ने बिना समय गंवाए मुस्तैदी दिखाई और उन्हें तुरंत वारासिवनी के सिविल अस्पताल लेकर पहुँचे। जहां डॉक्टर की निगरानी में उनका उपचार जारी है।




# फार्म हाउस में संदिग्ध पानी पीने से ३ बकरियों की दर्दनाक मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम सिकन्दा में एक बेहद संवेदनशील और संदेहास्पद मामला सामने आया है। जहां एक फार्म हाउस के भीतर रखा संदिग्ध पानी पीने से एक मजदूर की तीन बकरियों की तड़प.तड़प कर मौत हो गई। घटना के बाद पीडित पशुपालक ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। जिसके आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिकन्दा वार्ड नंबर १ निवासी संजय उयके उम्र ३८ वर्ष जो पेशे से मजदूरी का काम करते हैं उनके पास ५ नग बकरियां हैं। सोमवार की सुबह लगभग १० बजे वे अपनी बकरियों को चराने के लिए गांव के पास ही स्थित महेंद्र के खेत की तरफ गए हुए थे। बकरियां चरते चरते पास ही स्थित मण्डलेकर के फार्म हाउस के अंदर दाखिल हो गईं और वहां लगे पौधों की पत्तियां खाने लगीं। जब संजय उयके अपनी बकरियों को फार्म हाउस से बाहर निकालने के लिए अंदर गए तभी अचानक उनकी ३ बकरियां जमीन पर गिर गईं और बुरी तरह तड़पने लगीं। देखते ही देखते कुछ ही देर में तीनों बकरियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ित संजय उयके ने पुलिस को बताया कि बकरियों के तड़पने के दौरान जब उन्होंने फार्म हाउस के भीतर नजर दौड़ाई तो वहां दो बाल्टियों में पानी रखा हुआ दिखाई दिया। जब वे उस पानी के करीब पहुंचे तो उसमें से एक बेहद अजीब और तेज गंध आ रही थी। पीड़ित ने आशंका जताई है कि बकरियों ने बाल्टी में रखा वही संदिग्ध पानी पी लिया था जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। बाल्टी में रखे पानी में कोई जहरीला पदार्थ या कीटनाशक घुला होने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित पशुपालक तुरंत वारासिवनी थाना पहुंचा और मामले की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। वारासिवनी थाना पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मृत मवेशी कायम कर मामले को पूरी तरह से जांच में ले लिया है।

# सागौन वृक्षो की कटाई कर तस्करी करने के मामले में वन विभाग ने तीन लोगों के विरुद्ध की कार्रवाई





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी वन क्षेत्र अनेको वन संपदाओ से घिरा हुआ क्षेत्र है अनेको लकड़ियों की प्रजाति भी लांजी वन क्षेत्र में पाई जाती है। वहीं इन्ही वन क्षेत्रो से अनेको बार यह खबरे आई है कि वन क्षेत्रो में बड़ी मात्रा में सागौन वृक्ष की कटाई कर तस्करी की जाती है। संबंधित वन विभाग के द्वारा कार्यवाही भी की जाती है बावजूद इसके सागौन की तस्करी करने वालों के हौसले इतने बुलंद होते है कि वे रात के अंधेरे में ग्रामो में पंहुचकर सागौन वृक्षो की कटाई कर उपयोग में लाये जाते है। ऐसा ही एक मामला लांजी जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत फोफसा के बोरी वन क्षेत्र से सामने आया है। जहां 15 एवं 16 जून कि दरम्यानी रात्रि में कुछ युवाओं के द्वारा अवैध रूप से सागौन के वृक्ष के कटाई कर उसे ले जाया जा रहा था लेकिन स्थानीय जागरूक ग्रामीणो ने इन युवाओं को रंगे हाथो धर दबोचा तथा संपूर्ण जानकारी वन विभाग को दी गई। वन अमले की टीम को पंहुचने मे कुछ देरी होने के चलते सागौन ले जाने वाले युवाओं को उनके साथियों ने आकर छूडा कर ले गये लेकिन इस दौरान ग्रामीण जनों ने दो युवाओं की तस्वीरें और विडीओ मोबाईल मे कैद कर लिया गया था। इस संपूर्ण मामले को वन विभाग के द्वारा अपने संज्ञान मे लेते हुये वन अधिनियम के तहत जांच प्रारंभ कर दी गई है तथा दो युवाओं की पहचान भी वन विभाग के द्वारा की गई है। जिन पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना वन विभाग कर रही है। वहीं सागौन के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 3 पेड़ काटे गये है जिनकी लागत या कीमत 1 से 1.50 लाख तक हो सकती है। वहीं इस प्रकरण में एसडीओ राकेश अड ?ने ने कहा कि मामले में तीन संदेहियो से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में कुछ लोगो के बयान भी सामने आये जिनमें स्वयं को वनसमिति का सदस्य बताने वाले ग्रामीण सुखदास नगपुरे बताते है कि यहां से पहले अवैध रूप से इमारती लकड़ियों की कटाई कर उनका परिवहन किया जा चुका है, बीती रात भी लकड़ी तस्करों की यही योजना थी लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें मिलकर पकड़ा था उनके साथी उन्हें छूड़ा ले गए। हमने संपूर्ण जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। वहीं परिक्षेत्र सहायक ने बताया कि बीती रात्रि में सूचना प्राप्त होते ही मौके पर गये थे, जहां सागौन के वृक्ष कटे हुये मिले है वरिष्ठ अधिकारियों को प्रकरण अवगत कराया जाकर उपवन मण्डलाधिकारी लांजी राकेश अड़कने, वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन मे कार्यवाही की गई है। ग्रामीणों से प्राप्त फोटो एवं विडीओ के आधार पर जो व्यक्ति दिख रहे वह विशाल खोब्रागड़े लांजी, राजा उर्फ कपिल रामटेकर लांजी, मोनू भण्डारकर लांजी के विरुद्ध वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वन अपराध क्रमांक 16158/18 दिनांक 17 जून 2026 को पंजीबद्ध किया गया है। इसके साथ वन क्षेत्र का भ्रमण भी किया गया है तथा संपूर्ण विवेचना की जा रही है।

# आदिवासी गोंड समाज की होनहार बेटी सुशीला वरकड़े को सहायक प्राध्यापक (भूगोल) बनने पर दी बधाई

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 बकरामुंडी निवासी आदिवासी गोंड समाज की प्रतिभाशाली बेटी सुशीला वरकड़े का चयन सहायक प्राध्यापक (भूगोल) पद पर होने से पूरे लांजी क्षेत्र एवं आदिवासी गोंड समाज में हर्ष और गौरव का वातावरण है। सुशीला वरकड़े, बकरामुंडी निवासी झनकलाल वरकड़े एवं चैती बाई वरकड़े की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के बल पर भूगोल विषय में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। अब सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित होकर उन्होंने क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। सुशीला ने अपनी प्रतिभा, अथक परिश्रम, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनकी यह सफलता आदिवासी समाज की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। उन्होंने अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए शिक्षा जगत में नई पहचान स्थापित की है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प, सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सुशीला वरकड़े की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर गोंडवाना विकास समिति लांजी के अध्यक्ष धनीराम इनवाती, उपाध्यक्ष मोतीराम उईके, ऋषिकेश घोड़मारे, श्रवणलाल उईके, संरक्षक मुन्नालाल मलगाम, मानिकलाल वरकड़े, सचिव अशोक मर्सकोले, समाजसेवी मेहतरलाल मडावी, राधेलाल पंद्रे, राजेश वरकड़े, तिवारी मडावी, शुभम वाकडे, अजय नेवारे, लोकेश मलगाम, सुखदास मर्सकोले, नगर परिषद पार्षद संजय सैय्याम तथा चन्द्रदीप रामटेके संचालक दीप ऑप्टिकल्स लांजी एवं अध्यक्ष समता सैनिक दल लांजी सहित समाज के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। नव निर्माण फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी सुशीला वरकड़े की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। इस अवसर पर चन्द्रदीप रामटेके, संचालक दीप ऑप्टिकल्स लांजी, अध्यक्ष समता सैनिक दल लांजी एवं नव निर्माण फाउंडेशन ने कहा कि सुशीला वरकड़े की सफलता क्षेत्र की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सुशीला को सहायक प्राध्यापक (भूगोल) पद पर चयनित होने पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# सुशीला वरकड़े का चयन सहायक प्राध्यापक (भूगोल) पद पर होने पर किया सम्मान

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 बकरामुंडी निवासी आदिवासी गोंड समाज की प्रतिभाशाली बेटी सुशीला वरकड़े का चयन सहायक प्राध्यापक (भूगोल) पद पर होने से पूरे लांजी क्षेत्र एवं आदिवासी गोंड समाज में हर्ष और गौरव का वातावरण है। सुशीला वरकड़े, बकरामुंडी निवासी झनकलाल वरकड़े एवं चैती बाई वरकड़े की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के बल पर भूगोल विषय में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। अब सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित होकर उन्होंने क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। उनकी यह सफलता



आदिवासी समाज की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। उन्होंने अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए शिक्षा जगत में नई पहचान स्थापित की है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प, सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सुशीला वरकड़े की इस उपलब्धि पर गोंडवाना विकास समिति लांजी के अध्यक्ष धनीराम इनवाती, उपाध्यक्ष मोतीराम उईके, ऋषिकेश घोरमारे, श्रवणलाल उईके, संरक्षक मुन्नालाल मलगाम, मानिकलाल वरकड़े, सचिव अशोक मर्सकोले, समाजसेवी मेहतरलाल मडावी, राधेलाल पंद्रे, राजेश वरकड़े, तिवारी मडावी, शुभम वाकडे, अजय नेवारे, लोकेश मलगाम, सुखदास मर्सकोले, नगर परिषद पार्षद संजय सैय्याम, सहित अन्य सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओ के पदाधिकारियों के द्वारा सुशीला वरकड़े का सम्मान किया गया है।

# जम्मू माली मरार समाज ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जम्मू माली मरार समाज लांजी द्वारा गत वर्षानुसार इस वर्ष भी महात्मा ज्योतिबा फुले भवन, चिचटोला लांजी में सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए जोरदार सम्मान किया गया। समाज के इन नन्हे-नन्हे सितारों ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश वाकले ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में यशवंतराव बड़मे उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में रामप्रसाद चोरवाड़े (सेवानिवृत्त), शेषराम चोरवाड़े और जानकी बाई वाकले ने शिरकत की। समाज के अध्यक्ष भारत भाऊ बड़मे, कोषाध्यक्ष ताराचंद चोरवाड़े, सचिव लखनलाल वाकले और जिला प्रतिनिधि सीताराम बड़मे ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## इन छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

कक्षा 12वीं में बानी संतोष वाकले ने 83 प्रतिशत, कक्षा 11वीं में अंशिका अजय चोरवाड़े ने 83 प्रतिशत अंक, कक्षा 10वीं में ज्योति दुलीचंद चोरवाड़े ने 95 प्रतिशत, कक्षा 9वीं में दिगंबर शोभन गोदुले ने 81 प्रतिशत,कक्षा 8वीं में कशिश भगीरथ बड़मे ने 79 प्रतिशत, कक्षा 7वीं में मिष्ठी रामकुमार बड़मे ने 84 प्रतिशत, कक्षा 6वीं में विहिका कैलाश गोदुले ने 87 प्रतिशत, कक्षा 5वीं में पूजा संजय बड़मे ने किया कमाल, हासिल किए 97 प्रतिशत, कक्षा 4वीं में तन्मय मचलेस चोरवाड़े ने 89 प्रतिशत, कक्षा 3री में दीक्षा सुशील चोरवाड़े ने 99.83 प्रतिशत, कक्षा 2री में तन्वी रामेश्वर चोरवाड़े ने 99.75 प्रतिशत, कक्षा 1ली में हिमांशी राजेश वंजारी 99.91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश वाकले के द्वारा कक्षा 12 में बानी संतोष वाकले के द्वारा 83 प्रतिशत अंक हासिल कर समाज को गौरवान्वित करने पर नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में महेश बड़मे, मचलेश चोरवाड़े, सुशील चोरवाड़े, देवेंद गोदुले, नीरज बड़मे, राकेश बड़मे, कुमारी मनीषा बड़मे (शिक्षिका), कुमारी दीक्षा बड़मे, श्रीमती शीतल गोदुले, श्रीमती मनीषा महेश बड़मे और कुमारी पूनम बड़मे (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सहित समाज के गणमान्य सदस्यों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन रमेश वाकले के मंगलमयी आशीर्वचन और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जम्मू माली मरार समाज लांजी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार ऐसे कार्यक्रमों के जरिए नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। समाज के ये मेधावी बच्चे भविष्य के उज्ज्वल सितारे साबित होंगे, ऐसी उम्मीद जताई।

# पनिका समाज की राष्ट्रीय बैठक सम्पन्न,आरक्षण के मुद्दे पर हुई गहन चर्चा

### राष्ट्रीय बैठक में 5 राज्य से पहुंचे सामाजिक बन्धुओ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर तहसील मुख्यालय के कबीर आश्रम में बुधवार 17 जून को पनिका समाज की राष्ट्रीय बैठक समाजसेवी बिहारीदास मुरचुले के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र के अलावा मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए।बताया गया कि पनिका समाज आरक्षण के मुद्दे पर एक ठोस कानूनी और राजनीतिक रणनीति बना रहा है। वक्ताओं ने कहा कि समाज की मुख्य मांग पनिका जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हटाकर पुन: अनुसूचित जनजाति (एसटी) की श्रेणी में शामिल करना हैं। समाज के प्रतिनिधियों की ओर से बनाई जा रही मुख्य रणनीतियों में,समाज का दावा है कि 1971 से पूर्व पनिका जाति अविभाजित मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति का हिस्सा था। जिसे बिना पूर्व सुनवाई के हटाकर ओबीसी वर्ग में शामिल कर दिया है। उन्होंने संविधान के (अनुसूचित जनजातियाँ) आदेश, 1950 में दिनांक 08.12.1971 को संशोधन कर पनिका, पनका, पंख एवं पान जाति पर अधिरोपित क्षेत्रीय बंधन को तत्काल प्रभाव से विलोपित कर, संपूर्ण भारत के समस्त राज्यों में वर्ष 1971 से पूर्व की स्थिति अनुसार अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित किए जाने की मांग पर जोर दिया।वक्ताओं ने बताया कि तथ्यात्मक पृष्ठभूमि- यह कि संविधान (अनुसूचित जनजातियाँ) आदेश, 1950 के तहत दिनांक 08.12.1971 से पूर्व पनिका, पनका, पंख एवं पान जाति देश के सभी प्रदेशों में अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में अधिसूचित थी। जो पनिका समाज का मौलिक अधिकारों का हनन- करते हुए दिनांक 08.12.1971 को तत्कालीन केंद्र



सरकार द्वारा अध्यादेशध्संशोधन के माध्यम से पनिका जाति पर क्षेत्रीय बंधन अधिरोपित कर दिया गया।परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में एक ही जाति के लोगों को कृत्रिम रूप से दो वर्गों में विभाजित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि एक ही माता-पिता की संतानों को दो पृथक वर्गों-अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग में रखना भारत के संविधान के अनुच्छेद 14- विधि के समक्ष समता, अनुच्छेद 15(1)-धर्म, मूलवंश, जाति के आधार पर विभेद का प्रतिषेध एवं अनुच्छेद 16-लोक नियोजन में अवसर की समता का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही उन्होंने कहा कि 04.02.2004 को प्रस्ताव पारित कर तत्कालीन मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती द्वारा 3. राज्य सरकारों की अनुशंसारूप) मध्यप्रदेश मंत्रि-परिषद द्वारा दिनांक 17.02.2004 को शासकीय अनुशंसा पत्र भारत सरकार को प्रेषित किया और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के माध्यम से दिनांक 11.02.2021 को अर्ध-शासकीय अनुशंसा पत्र प्रधानमंत्री को प्रेषित किया जा चुका है।साथ ही न्यायिक आदेश की अवहेलना यह कि उक्त विभेदकारी वर्गीकरण से व्यथित होकर माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के समक्ष वर्ष 2006-07 में एक जनहित याचिका संस्थित की गई थी। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 30/10/2009 को आदेश पारित कर केंद्र सरकार को निर्देशित किया गया था कि छः माह के भीतर पनिका जाति को संपूर्ण मध्यप्रदेश में वर्ष 1971 से पूर्व की स्थिति में बहाल किया जाए। खेद है कि आज दिनांक तक न तो राज्य सरकारों की अनुशंसाओं पर कार्यवाही हुई है, न ही माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन किया गया है।बताया गया कि संवैधानिक प्रावधान- यह कि अनुच्छेद 342 (2) के अंतर्गत संसद को विधि द्वारा किसी जनजाति को सूची में सम्मिलित करने या उससे अपवर्जित करने की शक्ति प्राप्त है। राज्य सरकारों की अनुशंसा एवं न्यायिक आदेश के पश्चात भी 53 वर्षों से लंबित प्रकरण का निराकरण न होना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

## क्षेत्र में है निर्णायक मतदाता

समाजसेवी बिहारीदास मुरचुले ने कहा कि क्षेत्र में पनिका समाज की एक बड़ी आबादी मध्य प्रदेश के कई जिलों में निवास करती है और कई विधानसभा क्षेत्रों में यह निर्णायक मतदाता भी है। सरकार पनिका समाज की मांग पर विचार नहीं कर रही है, लेकिन अब पनिका समाज चुप नहीं बैठेगा। समाज अपनी मांग को लेकर लगातार लड़ाई रहता रहेगा। यह लड़ाई वैसे तो प्रत्येक प्रदेश में जारी है, लेकिन अब केंद्र तक आवाज बुलंद करने के लिए सभी प्रदेश में निवास करने वाले पनिका समाज के लोगों को एकजुट होने का समय आ गया है। एकजुटता से ताकत बढ़ती है और सभी को मिलकर समाज के लिए लड़ाई लड़नी पड़ेगी, तभी सफलता मिलेगी।

## मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

बैठक के बाद आरक्षण की मांग को लेकर बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे 08.12.1971 के संशोधन द्वारा पनिका, पनका, पंख एवं पान जाति पर अधिरोपित क्षेत्रीय बंधन को तत्काल प्रभाव से विलोपित करने,पनिका जाति को संपूर्ण भारत के समस्त राज्यों एवं जिलों में दिनांक 08.12.1971 से पूर्व की स्थिति अनुसार अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने हेतु संसद में आवश्यक संशोधन विधेयक प्रस्तुत करने, व जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक अंतरिम राहत के रूप में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं महाराष्ट्र सहित समस्त प्रदेशों में पनिका जाति के व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति के प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश जारी किए जाने की मांग की मांग की है।उन्होंने ज्ञापन में सरकार पर विश्वास जताते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप संविधान के संरक्षक होने के नाते हमारे 53 वर्षों से लंबित मौलिक अधिकारों की रक्षा हेतु त्वरित एवं न्यायोचित कार्यवाही करने की कृपा करेंगे।इस दौरान भारी संख्या में अनेकों राज्य से पनिका समाज के स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ लांजी में 21 जून को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर के बस स्टैंड स्थित गायत्री शक्तिपीठ लांजी में आगामी 21 जून 2026, रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रात: 7:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित होगा। गायत्री शक्तिपीठ लांजी के परिव्राजक विनोद तिड़के ने जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा नगर एवं क्षेत्र के सभी भाई-बहनों को कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने घरों में नियमित रूप से योग करते हैं, वे भी इस अवसर पर शक्तिपीठ पहुंचकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लें और अपनी दिनचर्या में योग को और अधिक सशक्त रूप से शामिल करें। कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन योग प्रशिक्षक श्रीमती प्रसन्ना जैतवार द्वारा दिया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।गायत्री शक्तिपीठ लांजी के व्यवस्थापक श्यामलाल पांडे, योग प्रशिक्षक व ट्रस्टी पूरनलाल जैतवार द्वारा योग करवाया जायेगा। नगर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# एक साल बाद भी कर्मचारियों को नहीं मिली राहत

## - हाईकोर्ट में लंबित मामले के कारण प्रमोशन प्रक्रिया ठप - एक साल में 10 हजार कर्मचारी बिना पदोन्नति हुए रिटायर

भोपाल। 17 जून 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 को मंजूरी देकर नौ वर्षों से रुकी पदोन्नतियों का रास्ता खोलने का प्रयास किया था। सरकार ने सभी विभागों को 30 जून 2025 तक विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए थे। लेकिन नए नियमों को चुनौती देते हुए सामान्य वर्ग के कुछ कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। सुनवाई के दौरान मामला लगातार टलता रहा। 17 फरवरी 2026 को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया, लेकिन इसी बीच तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति हो गई। अब नई पीठ के गठन और पुनः सुनवाई के बाद ही फैसला आ सकेगा।

प्रदेश में पदोन्नति से जुड़ा विवाद वर्ष 2016 से न्यायालयों में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के कारण



नियमित पदोन्नतियों पर रोक लगी हुई है। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि नए नियमों से रास्ता निकलेगा, लेकिन कानूनी अड़चनों ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जानकारी के अनुसार पिछले एक वर्ष में 10 हजार से अधिक कर्मचारी बिना पदोन्नति पाए ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कई विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों को केवल उच्च पदों का प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है।

### भर्ती प्रक्रिया पर भी पड़ा असर

पदोन्नतियां नहीं होने से रिक्त पदों की श्रृंखला नहीं बन पा रही है, जिससे नई भर्तियां भी प्रभावित हो रही हैं। राज्य सरकार ने वर्ष 2028 तक ढाई लाख पदों पर भर्ती का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक लगभग 78 हजार पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं, लेकिन कई पद अब भी अटके हुए हैं। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े विवाद के कारण 13 प्रतिशत पदों पर भर्ती प्रक्रिया पहले से रुकी हुई है। इससे करीब 13 से 14 हजार नियुक्तियां प्रभावित हुई हैं। वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया मुख्य रूप से नवसृजित पदों पर ही चल रही है, जिनमें स्वास्थ्य और ऊर्जा विभाग के पद प्रमुख हैं।

### नए पदोन्नति नियमों की प्रमुख बातें

सरकार ने जो नए पदोन्नति नियम बनाए हैं उसके अनुसार एससी के लिए 16 प्रतिशत और एसटी के लिए 20 प्रतिशत पद आरक्षित रहेंगे। पहले आरक्षित वर्ग के पद भरे जाएंगे, उसके बाद अनारक्षित पदों पर सभी पात्र उम्मीदवारों को अवसर मिलेगा। आरक्षित वर्ग का पात्र उम्मीदवार नहीं मिलने पर संबंधित पद रिक्त रहेंगे। क्लास-1 अधिकारियों की पदोन्नति मेरिट-कम-सीनियरिटी के आधार पर होगी। क्लास-2 और उससे नीचे के पदों पर सीनियरिटी-कम-मेरिट का सिद्धांत लागू होगा। प्रत्येक वर्ष सितंबर से नवंबर के बीच डीपीसी बैठकें आयोजित की जाएंगी। पात्रता का निर्धारण 31 दिसंबर तक की सेवा स्थिति के आधार पर होगा।

### कर्मचारियों में बढ़ रही नाराजगी

करीब एक दशक से पदोन्नति नहीं मिलने और लगातार न्यायिक प्रक्रिया लंबी खिंचने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि समय पर फैसला नहीं आने से सेवा लाभ, वेतनमान और कैरियर प्रगति प्रभावित हो रही है। अब सभी की नजरें हाईकोर्ट के आगामी निर्णय पर टिकी हैं, जिससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और हजारों रिक्त पदों का भविष्य जुड़ा हुआ है।

# नटराजन के मुद्दे पर पुतला दहन नहीं करने वाले 22 जिलाध्यक्षों को नोटिस, 3 दिन में मांगा जवाब

भोपाल। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी संगठनों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके बाद अब जिला अध्यक्षों को नोटिस दिए जा रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर 16 जून को प्रदेशभर में जिला स्तर पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। हालांकि कई जिलों में कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाने पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) मध्यप्रदेश ने संबंधित जिलाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।



### भाजपा मीडिया प्रभारी ने कसा तंज

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने नोटिस पर तंज करते हुए कहा ह कि आंदोलन नहीं हुआ तो नोटिस जारी करना पड़ा! यह सिर्फ नोटिस नहीं, बल्कि कांग्रेस की स्वीकारोक्ति है कि उसके कार्यकर्ता और युवा अब नेतृत्व के आह्वान पर सड़क पर उतरने को तैयार नहीं हैं।राज्यसभा चुनाव में हार के बाद की नौटंकी से खुद कांग्रेस का कार्यकर्ता सहमत नहीं है। हालात ऐसे हैं कि 22 जिलों के इस्तु जिला अध्यक्षों से पूछा जा रहा है, आखिर आंदोलन क्यों नहीं किया? जिस पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं को आंदोलन के लिए नोटिस देना पड़े, वह जनता का विश्वास कैसे जीतेगी? कांग्रेस का संकट विपक्ष में होने का नहीं, अपने ही कार्यकर्ताओं का भरोसा खोने का है।

# सडक़ हादसों में मप्र के युवा सबसे ज्यादा शिकार

## प्रदेश में रोज औसतन 283 सडक़ दुर्घटनाएं, 61 प्रतिशत पीड़ित 16 से 30 वर्ष आयु वर्ग के

भोपाल। मध्य प्रदेश में सडक़ हादसे लगातार गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही के कारण हर दिन सैकड़ों लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा की ताजा रिपोर्ट ने सडक़ सुरक्षा को लेकर चिंताजनक तस्वीर सामने रखी है। रिपोर्ट के अनुसार मई 2025 से मई 2026 के बीच प्रदेश में 1 लाख 3 हजार 294 लोग सडक़ दुर्घटनाओं में घायल हुए, जिन्हें एंबुलेंस सेवा के माध्यम से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 283 सडक़ दुर्घटना पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया गया। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि हादसों का सबसे बड़ा शिकार युवा वर्ग बन रहा है। कुल घायलों में 61 प्रतिशत की उम्र 16 से 30 वर्ष के बीच है।

### युवा सबसे अधिक प्रभावित

रिपोर्ट बताती है कि सडक़ दुर्घटनाओं में घायल होने वालों में युवाओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। उम्रवार आंकड़ों के अनुसार

16 से 30 वर्ष - 61 प्रतिशत
31 से 45 वर्ष - 24 प्रतिशत
46 से 60 वर्ष - 9 प्रतिशत
अन्य आयु वर्ग - 6 प्रतिशत

विशेषज्ञों का मानना है कि तेज रफ्तार, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, मोबाइल फोन का इस्तेमाल तथा यातायात नियमों की अनदेखी युवाओं में दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह हैं।

### गोल्डन ऑवर में पहुंच रही एंबुलेंस

108 एंबुलेंस सेवा के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह परिहार ने बताया कि उनकी टीम हर आपात स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर पहुंचकर मरीजों की जान बचाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कॉल किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने का अवसर होती है और टीम का प्रयास रहता है कि न्यूनतम समय में घटनास्थल पर पहुंचकर मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### निजी वाहन नहीं, 108 सेवा का करें उपयोग

परिहार ने लोगों से अपील की कि किसी भी सडक़ दुर्घटना या स्वास्थ्य आपात स्थिति में निजी वाहन से मरीज को ले जाने के बजाय 108 एंबुलेंस सेवा का उपयोग करें। एंबुलेंस में जीवन रक्षक उपकरण और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ उपलब्ध रहता है, जो अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्राथमिक उपचार शुरू कर देता है।

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सडक़ हादसे यह संकेत दे रहे हैं कि सडक़ सुरक्षा को लेकर जागरूकता और सख्ती दोनों की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सडक़ पर कुछ सेकंड की लापरवाही किसी परिवार की जिंदगी बदल सकती है। ऐसे में सुरक्षित ड्राइविंग, निर्धारित गति सीमा का पालन और यातायात नियमों का अनुपालन ही दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है। रिपोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि रफ्तार की होड़ में सबसे बड़ी कीमत युवाओं को चुकानी पड़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि लोग मंजिल तक जल्दी पहुंचने से ज्यादा सुरक्षित पहुंचने को प्राथमिकता दें।

# तेंदूपत्ता संग्रह की राशि पर आदिवासियों का हक

## गरीबों के बोनस की राशि पर डाका न डाले सरकार- अजय सिंह

भोपाल । पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लाभांश की राशि को वन विभाग द्वारा निर्माण कार्यों में खर्च करने के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप करने और अनुचित आवंटन पर रोक लगाने की माँग की है।

अजय सिंह ने कहा कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ने अभयारण्यों में तालाब बनाने के लिए लघु वनोपज संघ से लगभग 20 करोड़ रुपये मांगे है। यह नियमों और लाभांश के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है।

अजय सिंह ने कहा कि लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा अर्जित शुद्ध लाभ का उपयोग वैधानिक रूप से केवल वनोपज संग्राहकों के सामाजिक कल्याण, वनों के पुनरुत्पादन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ही किया जा सकता है। नियमानुसार इस लाभांश का 75 प्रतिशत हिस्सा सीधे आदिवासियों को बोनस के रूप में वितरित होना चाहिए। शेष राशि ग्रामीण समुदायों के कल्याण, वनों के पुनरुत्पादन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपयोग की जाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि संरक्षित क्षेत्रों में तालाब निर्माण जैसे कार्यों के लिए कैम्पा फंड, वन्यजीव बजट और कई अन्य केंद्रीय योजनाएं पहले से ही संचालित हैं7 इन योजनाओं की राशि का उपयोग करने के बजाय, प्रदेश के सबसे गरीब जनजातीय और ग्रामीण समुदायों के खून-पसीने की कमाई को अन्य मदों में डायवर्ट करना पूरी तरह से अनैतिक और अवैध है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे इस संवेदनशील मामले में खुद संज्ञान लें। उन्होंने वन विभाग द्वारा माँगी गई राशि के हस्तांतरण को निरस्त करने की माँग की है7 इसके साथ ही मुख्यमंत्री से यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि तेंदूपत्ता लाभांश का एक-एक पैसा केवल और केवल वनाश्रित आदिवासियों और संग्राहकों के हितलाभ पर ही सीधे खर्च किया जाए।

# लोकतंत्र में कोई संस्था जवाबदेही से ऊपर नहीं

## दिग्विजय सिंह ने आर.एस.एस पर प्रियंक खड़गे के सवालों का किया समर्थन

भोपाल । कर्नाटक सरकार में गृह मंत्री प्रियंक खड़गे द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस) की कानूनी स्थिति, वित्तीय पारदर्शिता और सार्वजनिक जवाबदेही को लेकर सरसंघचालक मोहन भागवत को लिखे गए पत्र में पूछे गए सवालों का समर्थन किया है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंजीयन, वित्तीय स्त्रोतों, आय-व्यय, कर अनुपालन तथा संगठनात्मक जवाबदेही के संबंध में उन्होंने 22 अक्टूबर 2021 को तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को विस्तृत पत्र लिखकर जांच एवं पारदर्शिता की मांग की थी। इस पत्र में उन्होंने प्रश्न उठाया था कि जब देश की अन्य संस्थाओं, ट्रस्टों, समितियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा राजनीतिक दलों पर वित्तीय पारदर्शिता और कानूनी अनुपालन के नियम लागू होते हैं, तो करोड़ों रुपये के लेन-देन और विशाल संगठनात्मक संरचना वाले ऋस्स् पर वही मानक क्यों लागू नहीं होने चाहिए।

सिंह ने 5 वर्ष पूर्व प्रेषित पत्र में नागपुर के आर.टी.आई कार्यकर्ता मोहनीश जबलपुरे के हवाले से कहा था कि कोविड के दौरान आर.एस.एस ने 7 करोड़ से अधिक खाने के पैकेट और एक करोड़ राशन के थैले वितरित किए थे। यह करोड़ों रुपए किस मद से खर्च किया गया था, इस पत्र का आज तक कोई जवाब नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि इसके पश्चात 12 नवंबर 2025 को उन्होंने स्वयं सरसंघचालक मोहन भागवत को पत्र लिखकर उनके उस वक्तव्य पर आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने आर.एस.एस के अपंजीकृत होने की तुलना हिंदू धर्म से की थी। सिंह ने अपने पत्र में स्पष्ट किया था कि सनातन धर्म और आर.एस.एस की तुलना करना उचित नहीं है तथा किसी भी संगठन को हिंदू धर्म का पर्याय नहीं माना जा सकता। उन्होंने संघ की कानूनी स्थिति, वित्तीय स्त्रोतों, आय-व्यय, कर दायित्वों और संगठनात्मक जवाबदेही से जुड़े अनेक प्रश्न भी उठाए थे। इस पत्र के बाद भी श्री मोहन भागवत ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया था ।

# परिवहन प्राधिकरण पुनर्गठन पर हाईकोर्ट का स्टे- सरकार ने स्वीकारी कानूनी चूक

भोपाल। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) के पुनर्गठन पर अंतरिम रोक लगा दी है। इस महत्वपूर्ण फैसले से राज्य सरकार की एक बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया कानूनी विवाद में फंस गई है। खास बात यह है कि सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने खुद स्वीकार किया कि इस पूरी प्रक्रिया में कानूनी खामियां हैं, जिन्हें दूर करने के लिए सरकार ने हाईकोर्ट से तीन माह का समय मांगा है। ग्वालियर खंडपीठ ने मामले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनीष सिंह से भी जवाब-तलब किया है।

एसटीए प्रदेश में बस परमिट जारी करने, रूट आवंटन और परिवहन नीति से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लेता है, जिससे इस पर रोक लगने का दूरगामी असर हो सकता है। हरिशंकर सिंह पटेल सहित अन्य याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में मामला उठाया था, जिसमें हाल ही में जारी पुनर्गठन संबंधी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि राज्य शासन ने मोटर वाहन अधिनियम के विपरीत परिवहन विभाग के सचिव को प्राधिकरण की संरचना में शामिल किया।

# बंसल ग्रुप कंपनी के अकाउंटेंट ने की चार लाख की हेराफेरी

**- कंपनी की जगह अपने एकांउट में ट्रांसफर कराई रकम**

**- धोखाधड़ी, अमानत में खयानत का मामला दर्ज**

भोपाल। शहर की अशोका गार्डन थाना पुलिस ने बंसल ग्रुप ऑफ कंपनीज के जनरल मैनेजर की शिकायत पर कंपनी के अकाउंटेंट के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अमानत में खयानत की धाराओं में मामला कायम किया है। आरोप है की उसने कंपनी के खाते में रकम जमा न कर अपने खाते में चार लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। पुलिस के मुताबिक गिरधर परिसर कोलार निवासी प्रेमेंद्र बहादुर पिता स्वर्गीय ज्ञानेंद्र बहादुर (63) बंसल ग्रुप ऑफ कंपनीज गोविंदपुरा में जनरल फाइनेंस मैनेजर हैं। अपनी शिकायत में उन्होनें बताया को चौकसे नगर में रहने वाला आबिद अहमद सिद्दीकी पिता इरशाद अली (44) बंसल ट्रेडिंग कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर नौकरी करता है। कंपनी का औद्योगिक क्षेत्र बी-सेक्टर में गोदाम हैं। यहॉं के लेनदेन के साथ ही अन्य सारे कामों की जिम्मेदारी आबिद अहमद को सौंपी गई थी। बीते समय संस्था के लेनदेन का ऑडिट कराये जाने पर गंभीर अनियमितताएं सामने आई। ऑडिट में खुलासा हुआ की आबिद अहमद ने मार्च, 2026 में न्यू भारत मार्ट के नकद मिले 49,740 रुपए में से 49 हजार रुपए में बैंक में जमा करना दर्शाया था।

# सैलरी चाहिए तो ई-अटेंडेंस जरुरी

## स्कूल शिक्षा विभाग का सीधा फंडा, नहीं चलेगा कोई बहाना

भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर सख्ती बढ़ाते हुए मासिक वेतन को ई-अटेंडेंस से जोड़ दिया है। अब हमारे शिक्षक ऐप पर दर्ज उपस्थिति के आधार पर ही वेतन भुगतान किया जाएगा। लेकिन इस व्यवस्था के लागू होने के साथ ही ई-अटेंडेंस प्रणाली की तकनीकी खामियां सामने आने लगी हैं। प्रदेश के कई शिक्षक और कर्मचारी स्कूल पहुंचने और फेस वेरिफिकेशन पूरा करने के बावजूद उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रहे हैं, जिससे उनके वेतन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल का कहना है कि ऐप वास्तविक लोकेशन को सही तरीके से नहीं पहचान रहा है। कई मामलों में कर्मचारी विद्यालय परिसर में मौजूद होने के बावजूद सिस्टम उन्हें स्कूल से सैकड़ों मीटर या कई किलोमीटर दूर बता रहा है। इसके कारण निर्धारित समय पर भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है।

### स्कूल में थे, सिस्टम ने बताया 2165 मीटर दूर

उपेंद्र कौशल का कहना है कि हाल ही में सामने आए एक मामले में एक शिक्षक विद्यालय परिसर में मौजूद थे और फेस वेरिफिकेशन भी सफलतापूर्वक हो गया था। इसके बावजूद ऐप ने कर्मचारी को विद्यालय से करीब 2165 मीटर दूर बता दिया। नतीजा यह हुआ कि लगातार 2 दिनों तक उनकी ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं हो सकी। ऐसे मामलों ने सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एक तरफ शिक्षक ई-अटेंडेंस एप की खामियों से परेशान हैं, वहीं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब ई-अटेंडेंस के मिलान के बाद ही वेतन आहरण देयक तैयार किए जाएंगे। यदि किसी शिक्षक की ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं है और फिर भी उसका वेतन बिल पास किया जाता है तो संबोंधित संकुल प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में तकनीकी त्रुटियों के कारण उपस्थिति दर्ज न होने वाले शिक्षकों में चिंता बढ़ गई है।

### संगठनों ने उठाई वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

शासकीय शिक्षक संगठन ने ई-अटेंडेंस प्रणाली में आ रही तकनीकी समस्याओं पर गंभीर चिंता जताई है। संगठन का कहना है कि तकनीकी खामियों का खामियाजा कर्मचारियों पर नहीं थोपा जाना चाहिए। संगठन ने मांग की है कि विद्यालयों की गलत लोकेशन मैपिंग को तत्काल सुधारा जाए और जब तक व्यवस्था पूरी तरह सुचारु नहीं हो जाती, तब तक वैकल्पिक उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए ताकि किसी भी शिक्षक या कर्मचारी का वेतन प्रभावित न हो।

# 29 आईएएस के तबादले, जेल, राजस्व और खनिज विभाग में अहम बदलाव

## कर्मवीर शर्मा बने भोपाल के नए संभागायुक्त

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने बुधवार शाम 29 आईएएसअधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने भोपाल और रीवा संभाग के आयुक्त बदल दिए हैं। भोपाल के कमिश्नर संजीव सिंह को खेल विभाग में सचिव बनाया गया है, जबकि कर्मवीर शर्मा भोपाल के नए संभागायुक्त होंगे। वहीं शैलेंद्र सिंह को रीवा संभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है। रीवा संभाग के आयुक्त बाबू सिंह जामोद को सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

मुकेश चंद्र गुप्ता को प्रमुख सचिव, जेल विभाग बनाया गया है। साथ ही उन्हें राजस्व मंडल, ग्वालियर के सदस्य का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। डॉ. ई. रमेश कुमार को प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग के साथ राहत आयुक्त और पुनर्वास आयुक्त का दायित्व सौंपा गया है। विवेक कुमार पोरवाल को प्रमुख सचिव, खनिज साधन विभाग बनाया गया है। दीपक सिंह को आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं नियुक्त किया गया है। अमित तोमर को ऊर्जा विकास निगम का प्रबंध संचालक और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार मिला है। सतेन्द्र सिंह को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण आयुक्त के साथ अनुसूचित जाति विकास आयुक्त और राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### स्वास्थ्य, शिक्षा और जनजातीय विभाग में नई जिम्मेदारियां

मनोज पुष्प को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का संचालक और खाद्य एवं औषधि प्रशासन का नियंत्रक बनाया गया है। रोहित सिंह को मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम का प्रबंध संचालक और स्कूल शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अमर बहादुर सिंह को जनजातीय कार्य विभाग में अपर सचिव और भारती जाटव ओगरे को स्कूल शिक्षा विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया है।

### कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

के.सी. गुप्ता को कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अनिरुद्ध मुखर्जी को पर्यावरण विभाग, पर्यावरण आयुक्त और एप्को के महानिदेशक का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। गुलशन बामरा को अनुसूचित जाति कल्याण विभाग और सोनिया मीना को संस्थागत वित्त आयुक्त-सह-संचालक का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

# भाजपा में संगठन विस्तार की तैयारी तेज, इस महीने होंगी बड़ी नियुक्तियां

## - प्रदेश कार्यसमिति लगभग फाइनल, ओरछा में होगी पहली बैठक, मोर्चा और प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों की सूची भी जल्द जारी

भोपाल। राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भाजपा अब संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में जुट गई है। पार्टी इस महीने संगठन विस्तार के तहत विभिन्न मोर्चों, प्रकोष्ठों और जिला इकाइयों में खाली पड़े पदों पर नियुक्तियां करने जा रही है। साथ ही प्रदेश कार्यसमिति के गठन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश कार्यसमिति के अधिकांश नाम लगभग तय हो चुके हैं और इसकी घोषणा भी जल्द की जा सकती है। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में आयोजित करने की तैयारी है। बैठक की तारीख भी जल्द तय की जाएगी।

भाजपा संगठन कई बड़े जिलों में मोर्चा और प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति करने जा रहा है। आगामी नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने की रणनीति पर काम कर रही है। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित अन्य मोर्चों के साथ 27 प्रकोष्ठों में भी नई नियुक्तियां की जाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों को समय पर नामों का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि नए पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देकर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय किया जा सके। भाजपा अगले वर्ष होने वाले नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी अभी से शुरू कर चुकी है। संगठनात्मक नियुक्तियों के जरिए पार्टी चुनावी रणनीति को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने की दिशा में काम कर रही है।

### बार-बार टलता रहा संगठन विस्तार

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पहले भी प्रस्तावित थी, लेकिन पार्टी द्वारा विभिन्न अभियानों और संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्राथमिकता दिए जाने के कारण इसका विस्तार लगातार टलता रहा। अब संगठनात्मक नियुक्तियों और कार्यसमिति गठन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पार्टी नेताओं का मानना है कि नई टीम के गठन और कार्यसमिति की बैठक के बाद भाजपा का संगठनात्मक ढांचा और अधिक सक्रिय होगा, जिससे आगामी चुनावी चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

# भारत ए ने अफगानिस्तान-ए को 101 रनों से हराया



दांबुला । भारत-ए ने टीम बुधवार को यहां हुए त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के पांचवें मैच में अफगानिस्तान-ए को 101 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम अंक तालिक में शीर्ष पर पहुंच गयी है।

आज सुबह अफगानिस्तान ए ने टॉस जीतकर भारत ए टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत ए टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 319 रन बनाए। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 48 गेंदों में 75 रन जोड़े। वैभव 28 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 38 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद प्रियांश ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 40 रन बनाये। प्रियांश 42 गेंदों में 58 रन बनाकर आउट हुए । ऋतुराज 30 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। ।

भारतीय टीम ने 129 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिये थे। इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा ने कुमार कुशाग्र के साथ चौथे विकेट के लिए 104 रन बनाये।तिलक ने 59 रन बनाये। वहीं कुशाग्र 58 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, विपराज निगम ने 30 रन और निशांत संधू ने नाबाद 21 रन बनाये। अफगान ए टीम से फरीदून दाउदजाई, अब्दुल्ला अहमदजई और फरमानुल्लाह सफी ने 2-2 विकेट लिए जबकि जहीर खान को 1 विकेट मिला।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगान टीम 36.5 ओवरों में केवल 218 रन ही बना पायी। कप्तान इमरान मीर ने 32 रन बनाये। बहिर शाह ने फैजल शिनोजादा के साथ चौथे विकेट के लिए 87 रन बनाकर टीम को 157 के स्कोर तक पहुंचाया।फैजल 46 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बहिर शाह ने 57 रन की पारी खेली। इनके अलावा, मोहम्मद इशाक ने 16 रन और फरमानुल्लाह सफी ने 17 रन बनाए। भारत की ओर से निशांत संधू ने 31 रन देकर 4 विकेट जबकि यश ठाकुर ने 2 विकेट लिए। इनके अलावा, अंशुल कंबोज, विपराज निगम, सूर्यांश शेडगे और अनुकूल रॉय को 1-1 विकेट मिला।

### अंक तालिका में स्थिति

भारत ने 4 में से 2 मैच अपने नाम किए हैं। इस टीम का नेट रन रेट +0.797 है। वहीं, 3 मुकाबलों में 2 जीत के साथ श्रीलंका (+0.494 नेट रन रेट के साथ ही दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान (-1.983 नेट रन रेट) 3 में से 2 मैच हारकर तीसरे स्थान पर मौजूद है। अब 19 जून को श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए के बीच मैच होगा। इस मैच की विजेता टीम 21 जून को भारत के साथ खिताबी मुकाबले में खेलेगी।

## फीफा विश्व कप 2026
## एर्लिंग ने पहले ही मैच में दो गोल दागकर नॉर्वे को इराक के खिलाफ 4-1 से जीत दिलायी

बोस्टन। एर्लिंग हालैंड के शानदार प्रदर्शन से नॉर्वे ने फीफा विश्वप फुटबॉल के अपने पहले ही मुकाबले में इराक को 4-1 से हरा दिया। इस मैच में नॉर्वे की ओर से अपना पहला मैच खेल रहे एर्लिंग ने दो गोल दागकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रुप आई के रोमांचक मुकाबले में नॉर्वे की टीम भारी पड़ी। उसने इराक को 4-1 के बड़े अंतर से हराया। यह मुकाबला इसलिए भी खास था, क्योंकि नॉर्वे और इराक दोनों को ही लंबे समय बाद विश्व विश्वकप में वापसी का अवसर मिला है। मैच की शुरुआत से ही नॉर्वे ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। मैच के 14वें मिनट में नॉर्वे को पहली सफलता मिली, जब डेविड मोलर वोल्फ के शानदार क्रॉस को एर्लिंग ने गोल में बदलकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिलाई। इराक ने जल्द ही वापसी की और 10 मिनट बाद ही आयमन हुसैन ने आमिर अल-अम्मारी के बेहतरीन क्रॉस पर शानदार हेडर मारकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। यह इस टूर्नामेंट में इराक का पहला गोल था। पर हाफ टाइम से ठीक पहले, एर्लिंग ने इराकी डिफेंडर जैद तहसीन और गोलकीपर जलाल हसन के बीच हुई गड़बड़ी का फायदा उठाते हुए अपना दूसरा गोल दागा और नॉर्वे को 2-1 की बढ़त दिला दी।

दूसरे हाफ में भी नॉर्वे हावी रही। सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर आए लियो ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर किक पर जबरदस्त हेडर लगाकर स्कोर 3-1 कर दिया, जिससे इराक के लिए वापसी और कठिन हो गयी। इराक ने कई बार प्रयास किए, लेकिन नॉर्वे की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने वह विफल रही। मैच के अंतिम क्षणों में इराकी खिलाड़ी हुसैन ने एक आत्मघाती गोल दागकर नॉर्वे की जीत का अंतर और बढ़ा दिया। इससे नार्वे ने मैच 4-1 से जीत लिया।

## फीफा विश्वकप के पहले ही मैच में एमबाप्पे ने दो गोल दागकर मेसी को पीछे छोड़ा
## फ्रांस को सेनेगल के खिलाफ 2-0 से जीत दिलायी



सेन डियागो। फ्रांस के स्टार फॉरवर्ड काइलियन एमबाप्पे ने फीफा विश्कप फुटबॉल के अपने पहले ही मैच में दो गोल दागकर अपनी टीम को सेनेगल के खिलाफ 3-1 से शानदार जीत दिलाई। इसके साथ ही एमबाप्पे ने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी को भी एक खास रिकॉर्ड में पीछे छोड़ दिया है।

एमबाप्पे अब फीफा विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने केवल 15 विश्व कप मुकाबलों में अब तक कुल 14 गोल किए हैं, जबकि मेसी के नाम 26 मैचों में 13 गोल थे। इससे एमबाप्पे की अविश्वसनीय गोल-स्कोरिंग क्षमता का अंदाजा होता है। इतना ही नहीं, इस उपलब्धि के साथ ही एमबाप्पे फीफा विश्व कप में फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा गोल दागने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं, जो उनके देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। गौरतलब है कि विश्व कप में सबसे अधिक गोल करने का सर्वकालिक रिकॉर्ड जर्मनी के पूर्व दिग्गज मिरोस्लाव क्लोज के नाम दर्ज है, जिन्होंने 24 मुकाबलों में 16 गोल किए हैं। इस प्रतिष्ठित सूची में दूसरे स्थान पर ब्राजील के महान फुटबॉलर रोनाल्डो हैं, जिन्होंने 19 मैचों में 15 गोल किए थे। एमबाप्पे इन दोनों दिग्गजों से केवल कुछ ही गोल पीछे हैं और जिस तरह की फॉर्म उन्होंने सेनेगल के खिलाफ दिखाई है, उसे देखकर यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि अगर वह अपनी लय बरकरार रखते हैं, तो वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी का खिताब अपने नाम कर सकते हैं और फुटबॉल इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवा सकते हैं।

सेनेगल के खिलाफ हुए मुकाबले में एमबाप्पे ने 66वें मिनट में फ्रांस के लिए पहला गोल दागा। इसके बाद, मैच के अंतिम पलों में उन्होंने एक बार फिर गोल दागकर फ्रांस की जीत पर मुहर लगा दी। यह गोल फीफा विश्वकप में उनका कुल 14वां गोल था, जिसने उन्हें रिकॉर्ड बुक में एक नई ऊंचाई दी।

## ऑस्ट्रेलिया की किसी भी टीम में मिल जाती विराट को जगह - ब्रैट ली

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारतीय टीम के बल्लेबाज विराट कोहली एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो ऑस्ट्रेलिया की किसी भी महान टीम का हिस्सा बन सकते हैं। ब्रैट ली के अनुसार इस टीम में उसी खिलाड़ी को जगह मिल सकती है। जिसके केवल रनों के आंकड़े ही बेहतर नहीं हों बल्कि मानसिकता, अनुशासन और तीव्र प्रतिस्पर्धात्मकता भी उसमें होनी चाहिये। ली के अनुसार, इन कसौटियों पर केवल विराट ही सही बैठते हैं।इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि विराट में वह आक्रामकता, फिटनेस और मुकाबला करने की क्षमता है, जिस पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को हमेशा गर्व रहा हैं। उनके अनुसार, कोहली हमेशा सफल होने के लिए निरंतर प्रयास करते थे और खेल के प्रति उनका नजरिया कभी किसी भी चीज से समझौता नहीं करता था। यह वह अटल मानसिकता ही थी जिसने उन्हें एक दशक से अधिक समय तक हावी रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम में सहजता से जगह दिला दी होती।



पहले भी कई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने विराट की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक महान बल्लेबाज बताया था। ये विश्व क्रिकेट में उनके असाधारण कद को साबित करता है। कई प्रतिभाशाली क्रिकेटर उनसे पहले आए और उनके बाद भी आए, लेकिन अनुशासन, खेल के प्रति समर्पण और तीव्र इरादों के कारण विराट आज भी सभी से आगे खड़े हैं। उन्होंने अपने दमदार खेल के दम पर क्रिकेट जगत में एक अद्वितीय मुकाम हासिल किया है। आज भी, जब वे केवल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हैं, तो भी जहां जाते हैं, प्रशंसकों का समूह उमड़ पड़ता है, जिसका नजारा आईपीएल जैसे मंचों पर भी बखूबी देखने को मिलता है।विराट कोहली सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि एक युग हैं, जिनकी खेल के प्रति दीवानगी और जुझारूपन उन्हें विश्व के महानतम खिलाड़ियों की श्रेणी में खड़ा करता है, और उन्हें उस ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी फिट बैठाता है जिसकी गिनती सर्वकालिक महान टीमों में होती है।

## साइवर-ब्रंट और हीदर के अच्छे प्रदर्शन से इंग्लैंड ने आयरलैंड को चार विकेट से हराया

लंदन । कप्तान नैट साइवर-ब्रंट और हीदर नाइट के अच्छे प्रदर्शन से इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 महिला विश्वकप मुकाबले में आयरलैंड को चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही इंग्लैंड ने इस टूर्नामेंट में अपनी दूसरा मुकाबला जीता। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 118 रन ही बना पायीं। इसके बाद जीत के लिए मिले 119 रनों के लक्ष्य को इंग्लैंड ने आसानी से हासिल कर लिया। मेजबान टीम की ओर से कप्तान नैट साइवर-ब्रंट और हीदर नाइट के बीच अच्छीसाझेदारी हुई। साइवर-ब्रंट 48 रन बनाकर पुरानी चोट उबरने के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर पेवियन लौट गयीं। ऐसे में उनकी फिटनेस टीम के लिए चिन्ता का कारण बन गयी है।



119 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरुआती तीन विकेट जल्दी गंवा दिए। इसके बाद, साइवर-ब्रंट और हीदर ने पारी को संभाला और 64 रन की साझेदारी बनाकर टीम को कठिनाई से उबारा। साइवर-ब्रंट ने 37 गेंदों में 48 रन बनाए पर 16वें ओवर में पुरानी पिंडली चोट फिर उभर आने के कारण उन्हें पेवेलियन लौटना पड़ा। इसके बाद हीदर नाइट ने (23 गेंदों पर 26 रन बनाये। चार्ली डीन और डेनिएल गिब्सन ने धैर्य से खेलते हुए पारी को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे 18वें ओवर में ही इंग्लैंड की टीम जीत गयी।

इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। एमी हंटर शुरुआत में ही आउट हो गयी। , आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस खाता खोले बिना ही आउट हो गयी। । आयरलैंड की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और 10वें ओवर तक ही उसने 57 रन पर अपने पांच विकेट खो दिये थे। अंत में लुईस लिटल ने 15 गेंदों में नाबाद 26 रन की बनाकर टीम को 20 ओवर में 9 विकेट पर 118 रनों तक पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, जबकि चार्ली डीन और डेनिएल गिब्सन ने दो-दो विकेट लिए। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम इुष्ट महिला ञ्20 विश्व कप 2026 में ग्रुप-बी में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

साइवर-ब्रंट की फिटनेस को देखते हुए 20 जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाले अगले मुकाबले में उनका खेलना फिलहाल तय नहीं माना जा रहा है। यदि वह अनुपलब्ध रहती हैं तो चार्ली डीन टीम की कप्तानी संभाल सकती हैं। इंग्लैंड टीम प्रबंधन निश्चित रूप से 24 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले अपनी कप्तान को पूरी तरह फिट देखना चाहेगा।

## स्टोक्स के बचाव में आये नाथन लियोन

सिडनी । नाइटक्लब विवाद को लेकर आलोचनाओं में घिरे इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के बचाव में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन आये हैं। लियोन ने स्टोक्स की प्रशंसा करते हुए उन्हें क्रिकेट इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक बताया है और उम्मीद जताई है कि वे अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे।लियोन ने कहा कि उनके मन में इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर के लिए बेहद सम्मान है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ने दृढ़ता से कहा, मैं सच में उम्मीद करता हूं कि यह स्टोक्स के करियर का अंत नहीं है। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मेरी नजर में वह क्रिकेट खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। लियोन ने यह भी उम्मीद जताई कि स्टोक्स अगले साल होने वाली एशेज सीरीज में मैदान पर जरूर नजर आएंगे, क्योंकि उनकी मौजूदगी खेल के लिए बेहद अहम है। ऐसे समय में जब स्टोक्स नाइट क्लब विवाद में व्यक्तिगत जांच के दायरे में हैं, लियोन जैसे प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी का यह खुला समर्थन उन्हें मानसिक रूप से मजबूती प्रदान कर सकता है। एक ओर जहां लियोन ने स्टोक्स के भविष्य को लेकर अपनी चिंता और समर्थन व्यक्त किया, वहीं खुद वह भी अपने करियर के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं। पिछले कुछ समय से हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे 38 वर्षीय ऑफ स्पिनर अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। यह सीरीज 13 अगस्त से डार्विन में शुरू होगी। लियोन ने साफ कर दिया है कि वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की बाकी सभी टेस्ट सीरीज खेलना चाहते हैं और उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के लिए लंबे समय तक योगदान देना है।

## रुट नहीं स्टीवर्ट के नाम है सबसे अधिक अंतराल के बाद कप्तानी संभालने का रिकार्ड

बर्मिंघम। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट करीब चार साल के अंतराल के बाद एक बार फिर टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। नियमित कप्तान बेन स्टोक्स को नाइटक्लब विवाद के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। रुट ने इससे पहले साल 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी बार टीम की कप्तानी की थी। इस प्रकार रुट को चार साल के अंतराल के बाद कप्तानी मिली है पर अगर सबसे अधिक अंतराल के बाद किसी की कप्तान के तौर पर वापसी हुई है तो ये रिकार्ड इंग्लैंड के ही पूर्व कप्तान एलेक स्टीवर्ट के नाम है। स्टीवर्ट ने साल 1993 में ग्राहम गूच के चोटिल होने पर दो टेस्ट मैचों में कप्तानी की थी। इसके बाद उन्हें 1998 तक इंतजार करना पड़ा, इस बीच उन्होंने 49 टेस्ट मैच बिना कप्तानी किए खेले। 1998 में उन्हें नियमित कप्तान बनाया गया था, इस तरह उन्होंने 49 टेस्ट मैचों के लंबे अंतराल के बाद कप्तानी में वापसी की। इस सूची में दूसरा सबसे लंबा गैप पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस के नाम है। वकार ने दिसंबर 1993 में एक टेस्ट में कप्तानी करने के बाद मई 2001 में फिर से टीम की बागडोर संभाली थी। इस दौरान उन्होंने 47 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने कप्तानी नहीं की थी। वह एशिया के पहले ऐसे कप्तान बने थे जिन्होंने दो अलग-अलग कार्यकाल में कप्तानी के बीच इतना लंबा अंतराल देखा।

## खिलाड़ी जश्न मनायें पर तय सीमा के अंदर - मैकुलम

लंदन। नाइटक्लब विवाद को लेकर इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि खिलाड़ियों को सफलता के बाद जश्न मनाने का अधिकार है पर इस दौरान उन्हें ध्यान रखना चाहिये कि ये एक सीमा के अंदर हो। साथ ही कहा कि किसी भी हाल में व्यवहार खराब न हो। नाइटक्लब कांड में टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन फंसे हैं और इसी कारण दूसरे टेस्ट से भी बाहर कर दिये गये हैं। मैकुलम के अनुसार उनके खिलाड़ी अधिक जिम्मेदारी से फैसला लें और ऐसी कोई हरकत न करें जिससे माहौल खराब हो। मैकुलम ने माना है कि वह भी नाइटक्लब प्रकरण के लिए कुछ हद तक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, वास्तव में, मैं कोच होने के कारण टीम का प्रभारी हूं और जो भी चीजें ठीक से काम नहीं करतीं, उसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे खिलाड़ियों के लिए हर व्यक्तिगत फैसला नहीं ले सकते। मैकुलम ने अपनी भूमिका को परिभाषित करते हुए कहा, मेरा काम एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जो उन युवा खिलाड़ियों को सहारा दे सके जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर उच्च दबाव और कड़ी निगरानी का सामना कर रहे हैं। वे साल के बारह महीने घर से दूर रहते हैं और इसके साथ आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करते हैं। वे चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी जश्न मनाएं, लेकिन उसकी एक सीमा अवश्य हो। साथ ही कहा कि खिलाड़ियों को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए कि कितना जश्न मनाना ठीक है उन्होंने अत्यधिक जश्न को खतरनाक बताया।

## 39 साल की उम्र में मेसी ने हैट्रिक लगाकर अर्जेंटीना को दिलायी 3-0 से जीत



कैनसस सिटी । मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने फीफा विश्वकप फुटबॉल में अल्जीरिया के खिलाफ शानदार हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को 3-0 से बड़ी जीत दिलायी है। 39 की उम्र में लगायी इस हैट्रिक से मेसी ने ये साबित कर दिया कि बढ़ती उम्र के बाद भी उनके प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ा है। मेसी के इस असाधारण प्रदर्शन के कारण ही अर्जेंटीना ने आसानी से अल्जीरिया को 3-0 से हरा दिया। मेसी के इस प्रदर्शन को देखकर फुटबॉल विश्लेषकों और प्रशंसकों ने हैरानी जतायी है। साथ ही पूछा है कि क्या बढ़ती उम्र का भी मेसी पर कोई प्रभाव नहीं हो रहा है। वहीं एक आंकलनकर्ता ने कहा कि विश्व कप में हैट्रिक लगाना अपने आप में बड़ी बात है पर जब आप लगभग 39 वर्ष के हों और तब ऐसा कारनामा करें, तो यह पूरी तरह से अविश्वसनीय लगता है। मेसी ने एक बार फिर दिखा दिया है कि उम्र केवल एक संख्या है, इससे उनके खेल की गुणवत्ता पर प्रभाव नहीं हुआ है। मेसी ने बढ़ती उम्र में उनपर पड़ रहे विपरीत प्रभाव की बातों को आधारहीन बनाया है। साथ ही दिखाया है कि उनके खेल में अभी भी वही पुरानी धार और जीतने की भूख है, ये उन्हें उन्हें सर्वकालिक महान खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर रखती है।

मेसी ने तीनों गोल अलग-अलग अंदाज में दागे, जो उनके बहुमुखी प्रतिभा को दिखाता हैं। मैच का पहला गोल उन्होंने एक करारे करारे प्रहार से दिया। दूसरा गोल मेसी ने बेहद कुशलता से बॉक्स के भीतर पहुंचकर दागा, जो उनके बेहतरीन पोजीशनिंग सेंस और गेंद को पढ़ने की अद्भुत क्षमता को दर्शाता है जबकि तीसरा गोल सबसे बेहतर रहा। वह तो उनके विंटेज बार्सिलोना के सुनहरे दिनों की याद दिलाने वाला था।

इस शानदार 3-0 की जीत के साथ अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में अपना प्रभाव कायम रखा है और यह संदेश दिया है कि वे अपने खिताब की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं, लियोनेल मेस्सी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह सर्वकालिक महान खिलाड़ी किस कारण से माने जाते हैं।


## कार्यालय जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला-बालाघाट ( म.प्र. )

क्रमांक/1481/सा.लि./ज.प./2026

लालबर्रा,दिनांक 15-06-2026

### निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि कोपे की ठेका बोली कालम नं. 6 में अंकित दिनांक को कॉलम नं. 7 में दर्शित स्थान किया जाता हैयेगी। जनपद पंचायत लालबर्रा की कृषि भूमि का निलामी कृषि कार्य हेतु कालम न. 5 में वर्णित अवधि के लिए ठेके पर दिया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निश्चित समय पर निश्चित स्थान में उपस्थित होकर निलामी में बोली बोलकर सम्मिलित हो सकते है। पूर्व बकायादार बकाया राशि जमा करने पर ही बोली बोल सकता हैं।

| क्र. | कृषि भूमि का स्थान | खसरा | रकबा | अवधि जिसके लिए निलाम किया जाना है | निलाम तिथि का समय | निलाम करने का स्थान | न्यूनतम लीज राशि ( अपसेट प्राईज ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कृषि भूमि कोपे | 305/1, 306, 307/1, 324/1 | 11.15 एकड़ | 2026-27 2027-28 2028-29 | 23.06.2026 मंगलवार समय 01:00 बजे से | जनपद् पंचायत लालबर्रा | 73112 तीन वर्ष |

### निलाम शर्ते

(क) किसी व्यक्ति को तब तक बोली लगाने की अनुज्ञा नहीं दी जावेगी, तब तक कि उसने पट्टे की प्ररक्षित किमत का दस प्रतिशत् अग्रिम धन (7300.00 रूपये) के रूप में निलामी संचालन करने वाले अधिकारी के पास जमा न करा दिया हो।

(ख) अधिकतम बोली, संबंधित पंचायत द्वारा पुष्टि किये जाने के अध्यधीन रहते हुए स्वीकार की जावेगी। परंतु कम बोली, कलेक्टर या उसके प्राधिकृत किसी भी अधिकारी की मंजूरी से स्वीकृत की जा सकेगी।

(ग) वह व्यक्ति जिसकी बोली स्वीकार की जाए, उसकी बोली स्वीकार होने के तुरंत पश्चात् निलामी, मुल्य का 25 प्रतिशत् जमा करेगा, यदि वह इस नियम में अपेक्षित किये गये अनुसार निलामी मुल्य का 25 प्रतिशत जमा करने में असमर्थ रहता है, तो उसके द्वारा जमा किया गया अग्रिम धन संबंधित जनपद पंचायत के पक्ष में समापह्त हो जाएगा तथा निलामी रद्द समझी जायेगी।

(घ) अतिशेष रकम का भुगतान ऐसी मासिक या त्रैमासिक किश्तों में जैसा कि संबंधित पंचायतों द्वारा विनिश्चित् किया जाए, प्रत्येक माह के य तिमाही के प्रारंभ होने के 5 दिनों के भीतर किया जाएगा तथा बोली की पुष्टि उसे अधिसूचित की जाने की तारीख से 30 दिन के भीतर पट्टा विलेख निष्पादित किया जाएगा, यदि वह उपर विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर पट्टा विलेख निष्पादित करने में असमर्थ रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई 25 प्रतिशत राशि संबंधित जनपद पंचायत के पक्ष में समापह्त हो जाएगी तथा निलामी रद्द समझी जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत लालबर्रा
जिला बालाघाट( म.प्र. )

